हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 23 मई 2026



06 शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के खाते कर रहा है अपडेशन

07 ढाबों पर खुलेआम परोसी जा रही थी शराब...






## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के आवेदन 31 जुलाई तक

**नर्मदापुरम।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर 1 अप्रैल 2026 से आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। यह पुरस्कार 18 वर्ष से कम आयु के भारतीय बच्चों को दिया जाता है। आवेदक की आयु 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम होनी चाहिए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रदान किया जाता है।

### मानवाधिकार आयोग के सदस्य 4 जून को आएंगे

**नर्मदापुरम।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो 4 जून को सुबह 10:30 बजे नर्मदापुरम का दौरा करेंगे। दौरे का उद्देश्य मानवाधिकार और समावेशी विकास से जुड़े क्षेत्रों की जमीनी समीक्षा करना है। समीक्षा में प्रमुख रूप से रोजगार-कौशल विकास, बाल अधिकार व किशोर न्याय, मानव तस्करी, वृद्ध-विकलांग के अधिकार विषय शामिल हैं।

### जिलवानी ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंची प्रशासनिक जांच टीम, कलेक्टर को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

# लिगेसी वेस्ट घोटाला के शिकायत मामला में कचरा वहीं, रकम साफ

उच्च स्तरीय जांच दल ने शुक्रवार को ग्राम जिलवानी स्थित कचरा डंपिंग स्थल का मौका निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत जिलवानी ट्रेंचिंग ग्राउंड में 'लिगेसी वेस्ट' (पुराने कचरे) के निपटान में हुए कथित 1.72 करोड़ रुपये के महाघोटाले और गोवंश की मौत की शिकायत के बाद प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस नेता अमोल उपाध्याय द्वारा जनसुनवाई में की गई गंभीर शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर के मार्गदर्शन में गठित एक उच्च स्तरीय जांच दल ने ग्राम जिलवानी स्थित कचरा डंपिंग स्थल का मौका निरीक्षण किया। जांच टीम के मुखिया व संयुक्त कलेक्टर, सिटी मजिस्ट्रेट और शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने मौके पर बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार शिकायत में शामिल सभी बिंदुओं की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।

#### लगाया था आरोप

पूर्व में कांग्रेस नेता अमोल उपाध्याय ने एक प्रेस वार्ता कर नपा और ग्वालियर की ठेका कंपनी एसआर मैप टेक्नोलॉजीज के बीच आपराधिक सांठगांठ का सनसनीखेज आरोप लगाया था।



#### नपा के अधिकारी कर रहे हैं भ्रमित : शिकायतकर्ता

मामले में संबंधित तकनीकी जानकारियां एकत्र की जा रही हैं, जिसकी पूरी रिपोर्ट जल्द ही कलेक्टर को सौंपी जाएगी। इस दौरान मौके पर मौजूद शिकायतकर्ता अमोल उपाध्याय ने कहा कि संयुक्त कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण किया है, लेकिन नपा के अधिकारी भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण इस मामले में अलग से एक स्वतंत्र जांच दल का गठन करे, जिसमें केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल संसाधन विभाग और कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी शामिल हों, ताकि सच सामने आ सके।

#### कांग्रेस ने नपा सीएमओ को ठहराया जिम्मेदार



कांग्रेस ने इस मामले में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) रितु मेहरा और सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जो काम 4 महीने में होना था, वह 3 साल बाद भी अधूरा है। इस मामले में अब स्वास्थ्य विभाग के सभापति राकेश जाधव सहित अन्य अधिकारियों को भी एनजीटी में प्रतिवादी बनाया जा रहा है। दूसरी तरफ, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष चौरे ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे तथ्यहीन, भ्रामक और विपक्ष की केवल राजनीतिक स्टंटबाजी करार दिया है। बहरहाल, अब सभी की नजरें प्रशासन की इस जांच रिपोर्ट पर टिकी हुई हैं।

#### जहरीला धुआं लोगों के लिए बन रहा खतरा

इस जांच के दौरान जिलवानी और कीरतपुर इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़े आसपास के ग्रामीणों ने भी अपनी आपबीती सुनाते हुए जांच टीम से गंभीर शिकायतें कीं। ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रेंचिंग ग्राउंड के कचरे में अक्सर रात के अंधेरे में आग लगा दी जाती है, जिससे निकलने वाले जहरीले धुएं के कारण आसपास के लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। इसके साथ ही, डंप साइट का जहरीला रासायनिक पानी रिसकर जमीन के भीतर जा रहा है, जिससे क्षेत्र का भूमिगत जल पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। ग्रामीणों ने इस पानी की तत्काल वैज्ञानिक जांच कराने और वहां जहरीला कचरा खाने से लगातार हो रही मवेशियों व गोवंश की मौतों के मामले पर भी कड़ा रोष है।

## सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाली बसों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाली बसों पर जिला परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम ने बड़ी कार्रवाई की। सुरक्षा मानकों का पालन न करने वाली बसों के खिलाफ चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में कई खामियां पकड़ी गईं। आरटीओ की टीम ने शहर में कुल 26 बसों की जांच की। जांच के दौरान अधिकांश बसों में अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड मेडिकल बॉक्स, व्हीएलटी डिवाइस, पैनिक बटन, इमरजेंसी गेट और किराया सूची जैसी जरूरी चीजें गायब मिलीं। नियम तोड़ने वाली 6 बसों पर तत्काल 21 हजार रूपये की चालानी कार्रवाई की गई। एक बस बिना टैक्स जमा किए सड़कों पर दौड़ रही थी, उससे 1,14,000 का बकाया टैक्स वसूला गया। बिना परमिट संचालित हो रही एक बस को मौके पर ही जब्त कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा करवा दिया गया। इस संबंध में आरटीओ अधिकारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यात्रियों की जान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## इटारसी में बुजुर्ग से हुई 9.98 लाख की ऑनलाइन धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पुरानी इटारसी के एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। शातिर जालसाजों ने बुजुर्ग के बैंक खाते से करीब 10 लाख रुपये उड़ा दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। ओल्ड इटारसी के राजेंद्र तोमर 64 वर्ष, के बैंक खाते में अज्ञात आरोपियों ने सेंध लगाई। यह धोखाधड़ी 18 मई के रात्रि 10 बजे से 21 मई के शाम 7:12 बजे के बीच अंजाम दी गई। ठगों ने फरियादी के खाते से कुल 9,98,021 रुपये (नौ लाख नब्बे हजार इक्कीस रुपये) ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए।

बैंक खाते से बड़ी रकम गायब होने का पता चलते ही पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। इटारसी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। टीआई गौरव बुंदेला ने बताया कि इनके मोबाइल में एपीके फाइल डाउनलोड हो गयी थी, इसके बाद इनके खाते की सारी जानकारी फ्रॉड करने वाले को पहुंची और उसने पहले पांच लाख और फिर 2.99 फिर शेष रकम निकाली। करीब दस लाख रुपए की रकम दो अलग-अलग खातों से तीन बार में निकाली गयी है। बुंदेला ने कहा कि लगातार पुलिस और मीडिया के माध्यम से, सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास कर रहे हैं, बावजूद इसके लोग फ्रॉड करने वालों के झांसे में आ जाते हैं।उन्होंने कहा कि कोई भी अनजान फाइल को न तो खोलें और ना ही डाउनलोड करें, किसी प्रकार के लालच में न आएं, सायबर अपराधियों से बचने का यही एक तरीका है। उन्होंने कहा कि सायबर सेल के माध्यम से इस मामले में पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## माखननगर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का हुआ आयोजन, दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




एकिडना के वित्तीय सहयोग और एकलव्य के द्वारा माखननगर ब्लॉक की 10 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता वर्धन कार्यशाला 20 और 21 मई 2026 को आयोजित की गई।

कार्यशाला में ब्लॉक कॉर्नर, लाइब्रेरी कॉर्नर म्यूजिक कॉर्नर और फेंटेसी कॉर्नर पर कुछ रीडिंग,TLMऔर गतिविधियों के द्वारा सभी कॉर्नर कैसे बच्चों के भाषाई कौशल, कल्पना शक्ति, स्मरण शक्ति, सामाजिक, शारीरिक, बौद्धिक सहित सर्वांगीण विकास में सहायक है, इस पर समझ बनाई गई। इन कॉर्नर में सहायक सामग्री भी वितरित की गई। इस कार्यशाला में कोसा अहिरवार, शोभा यादव ,रानी मालवीय ,लीला, रेखा ,ममता यादव, सुनीता ,अनीता, और सरोज यादव शामिल रही। एकलव्य संस्था से मेलोडी, रामभरोस आदि शामिल रहे।

## प्रगतिरत नर्मदालोक निर्माण और नाले निर्माण का एई व जेई ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नपा का महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट नर्मदा लोक कोरीडोर निर्माण के प्रथम फेस पर्यटन घाट पर चल रहे नाला निर्माण कार्य तथा रसूलिया क्षेत्र शुरू हुए नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण प्रभारी सहायक यंत्री अजीत तिवारी, उपयंत्री रीना गुप्ता द्वारा किया गया। निरीक्षण के उपरांत निर्माण एजेंसी को समय पर तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए गए। सहायक यंत्री रीना गुप्ता ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देशन में पर्यटन घाट पर नर्मदा लोक कोरीडोर का कार्य चल रहा है। प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण प्रभारी सहायक यंत्री अजीत तिवारी द्वारा किया गया। वहीं मुख्यमंत्री अद्योसंरचना योजना के तहत रसूलिया क्षेत्र से शुरू हुए नाला निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। प्रभारी सहायक यंत्री तिवारी द्वारा कार्य कर रही दोनों निर्माण एजेंसी को समय सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रोहित गौर उपस्थित थे।

## प्लेटफॉर्मों पर स्टॉल संचालकों का अवैध कब्जा, जेडआरयूसीसी सदस्य ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

देश के सबसे व्यस्त रेलवे स्टेशनों में से एक, इटारसी जंक्शन के प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों के पैदल चलने का रास्ता सिकुड़ता जा रहा है। स्टेशन के प्लेटफॉर्मों पर अधिकृत वेंडर और स्टॉल संचालकों के अवैध अतिक्रमण को लेकर पश्चिम मध्य रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य ने स्टेशन प्रबंधक को एक तीखा शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में खानापूर्ति की कार्रवाई के बजाय स्टॉल संचालकों के खिलाफ सख्त जुर्माना लगाने और इसका स्थाई समाधान करने की मांग की गई है। ट्रेन आने के समय जब प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भारी भीड़ होती है, ठीक उसी वक्त स्टॉल संचालक अपने काउंटरों के आगे अवैध रूप से बड़ी टेबलें और डीप-फ्रिज रख देते हैं। इससे आधा प्लेटफॉर्म घिर जाता है। प्लेटफॉर्म पर अवैध टेबलें और सामान सज जाने के कारण ट्रेन से उतरने और चढने वाले यात्रियों को निकलने की जगह नहीं मिलती। बुजुर्गों, महिलाओं और भारी सामान वाले यात्रियों को धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ता है। ट्रेन आने के वक्त प्लेटफॉर्म पर भगदड़ जैसी स्थिति बन जाती है।

#### जेडआरयूसीसी सदस्य की दो टूक

जेडआरयूसीसी सदस्य ने स्टेशन प्रबंधक से दो टूक शब्दों में कहा है कि इस गंभीर समस्या पर केवल दिखावे या औपचारिकता के लिए कार्रवाई न की जाए। अक्सर देखा जाता है कि रेलवे का अमला आज कार्रवाई करता है और अगले ही दिन स्टॉल संचालक फिर से प्लेटफॉर्म पर कब्जा जमा लेते हैं। इसलिए अब इन टेबलधारियों और अवैध रूप से फ्रिज रखने वालों के खिलाफ कड़ा जुर्माना लगाया जाए और जब्ती की सख्त कार्रवाई की जाए।इस अव्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए और त्वरित संयुक्त कार्रवाई के उद्देश्य से इस शिकायती पत्र की प्रतिलिपि रेलवे के स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) को भेजी है ताकि वेंडिंग नियमों के उल्लंघन पर कमर्शियल विभाग तुरंत जुर्माना ठोक सके। आरपीएफ थाना प्रभारी, इटारसी को भी भेजी ताकि प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की सुरक्षा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए बलपूर्वक अवैध सामान को हटाया जा सके।

### अवाम नगर में सूने मकान का ताला तोड़कर की चोरी

इटारसी। शहर के अवाम नगर इलाके में एक सूने मकान को निशाना बनाकर अज्ञात चोरों ने सोने-चांदी के जेवरों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना ताजुल मस्जिद के आगे आवाम नगर निवासी इम्तियाज खान 41 वर्ष, पिता मुमताज खान के घर पर हुई। फरियादी के मुताबिक, अज्ञात आरोपियों ने सूने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और घर में रखे इस्तेमाल के सोने-चांदी के जेवरात, जिनकी कुल कीमत लगभग 80,000 रुपये थी, चुराकर फरार हो गए। मामले की शिकायत के बाद इटारसी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## महंगाई, जाम और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

### सूरजगंज चौराहे पर धरने के बाद एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, भाजपा सरकार और नपा पर बरसे नेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर की चरमराती यातायात व्यवस्था, गहराते जल संकट और भाजपा शासित नगरपालिका के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले एक धरना-प्रदर्शन और चक्काजाम आंदोलन किया। कांग्रेस नेताओं ने सूरजगंज चौराहे के मुख्य मार्ग पर बैठकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बाद में मौके पर पहुंचे अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) निलेश कुमार शर्मा को 5 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा।

#### गांधी प्रतिमा पर सूत की माला पहनाकर शुरुआत

आंदोलन शुक्रवार सुबह 11 बजे सूरजगंज चौराहे के पास मुख्य मार्ग पर शुरू हुआ। कांग्रेस पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर सूत की माला अर्पित कर धरने की शुरुआत की। चक्काजाम और प्रदर्शन के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए एसडीएम निलेश कुमार शर्मा के साथ एसडीओपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा और टीआई गौरव सिंह बुंदेला पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे।

#### मंच से नेताओं ने उठाए तीखे सवाल

धरना प्रदर्शन के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने मंच से भाजपा सरकार और स्थानीय नगर पालिका प्रशासन को आड़े हाथों लिया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने भाजपा शासित नगर पालिका के क्रियाकलापों पर सवाल उठाते हुए जनता की मूलभूत समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि सूरजगंज, मालवीयगंज, साईं फॉच्यून कॉलोनी और एलकेजी कॉलोनी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में रोज लग रहे भारी ट्रैफिक जाम से छात्र, व्यापारी और आम नागरिक त्रस्त हैं। इस विशाल आंदोलन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र सिंह तोमर, अशोक जैन, मुकेश गांधी, नरेश चौहान, शंकर लाल परदेसी, लखन बेस, लाली परमजीत सिंह सलूजा, राम शंकर सोनकर, अमल सरकार, सोनू बकोरिया, अजय अहिरवाल, बिट्टू तिवारी, अभिषेक साहू, मयंक कालोसिया, राजेंद्र गोस्वामी, मुकेश चोरे, चैतन्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कबर बिज्जू के मुंह में फंसा डिब्बा, सर्पमित्रों ने बचाई जान



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

इंसानों द्वारा फेंके गए प्लास्टिक के कचरे के कारण बेजुबान वन्यजीव किस तरह संकट में फंस जाते हैं, इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण गुरुवार रात ग्राम गोंची तरोंदा में देखने को मिला। यहां एक कबर बिज्जू के मुंह में प्लास्टिक का डिब्बा बुरी तरह फंस गया था, जिससे वह न तो सांस ले पा रहा था और न ही देख पा रहा था। वन विभाग और स्थानीय सर्प मित्रों की मुस्तैदी से समय रहते उसका सुरक्षित रेस्क्यू कर जान बचा ली गई। ग्राम गोंची तरोंदा निवासी विनोद पटेल ने अपने घर में बने गाय के तवेले (गोशाला) में एक कबर बिज्जू को बेधड़क बैठे देखा। कबर बिज्जू के मुंह में प्लास्टिक का एक खाली डिब्बा फंसा हुआ था। डिब्बे के कारण उसका पूरा चेहरा ढक चुका था, जिससे वह पूरी तरह तड़प रहा था और सांस लेने के लिए जद्दोजहद कर रहा था। विनोद पटेल ने बिना वक्त गंवाए इसकी सूचना तुरंत स्थानीय सर्प मित्र अभय चौरे को दी।

### ग्राम दतवासा में भागवत कथा शुरू

## जातक संसार के सारे कार्य कर ले परंतु भगवान के भजन के बिना शांति नहीं: पं योगेश शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




संसार का कोई भी काम व्यक्ति कर ले परंतु जब तक वह भगवान का भजन नहीं करता तब तक उसके मन में शांति नहीं मिलती। हम चाहे विद्या अध्ययन कर ले चाहे धनोपाजर्न कर लें चाहे मकान दुकान और भी संसार के जितने काम है उन सभी में मग्न हो जाएं लेकिन हमें भगवान के भजन के बिना शांति नहीं मिल सकती।

उक्त उद्गार ग्राम दतवासा में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पंडित योगेश शर्मा ने व्यक्त किये। पंडित योगेश शर्मा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित रघुनंदन शर्मा चौतलाय वाले के सुपुत्र हैं। कथा व्यास ने कथा को विस्तार देते हुए भक्ति ज्ञान वैराग्य को जगाने वाली श्रीमद् भागवत की कथा में धुंधकारी मोक्ष के प्रसंग के साथ-साथ भागवत की महिमा का सुंदर वर्णन अपनी अमृतमई वाणी से किया इस अवसर पर ग्राम एवं आसपास के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे और सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत का रसपान कर अपने जीवन को धन्य किया। कथा का आयोजन 28 मई तक जारी रहेगा।

### श्री राधा कृष्ण महाशक्ति महायज्ञ आज से 31 तक

**सोहागपुर।** यज्ञ सम्राट ब्रह्मलीन पं. मनमोहन मुदगल द्वारा गठित आध्यात्मिक एवं सनातन संस्कृति पुनरुत्थान मंडल की ओर से श्री राधाकृष्ण महाशक्ति महायज्ञ किया जा रहा है। आयोजन आज से धनवंती बाई पटेल स्मृति स्कूल प्रांगण सेमरी हरचंद में होगा। आज कलशयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम संयोजक गृहस्थ साधक पं. प्रकाश मनमोहन मुदगल ने बताया कि शनिवार 23 मई को आयोजन प्रारंभ होकर 31 मई को संपन्न होगा। जिसमें प्रतिदिन दोपहर तीन से छह बजे तक मानस वक्ता अनूप शास्त्री चित्रकूट धाम, शांति श्रेया अयोध्या धाम व पं. राजेश्वरानंद शास्त्री इंदौर के द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। नियमित सुबह नौ से 11 बजे तक रुद्राभिषेक होगा, सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक यज्ञ हवन तथा शाम 6:30 बजे से आरती एवं भजनांजलि कार्यक्रम होंगे।


## केंद्रीय जेल में स्वास्थ्य शिविर में बंदियों की स्क्रीनिंग की गई




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल एवं जेल मुख्यालय मप्र भोपाल के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम के खण्ड-अ में एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के मन कक्ष द्वारा किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम से डॉ. अंकिता मेहतो, मन कक्ष से नाजिया सिद्धिकी (क्लीनिकल सॉयक्लोजिस्ट), कांति यदुवंशी नर्सिंग ऑफिसर द्वारा परिरूद्ध 06 पुरूष बंदी एवं 12 महिला बंदी कुल 18 बंदियो की स्क्रीनिंग कर परामर्श एवं उपचार दिया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरकडे, सहायक जेल अधीक्षक हितेश बंडिया, अष्टकोण अधिकारी अर्पित चौधरी, मेडिकल ऑफिसर डॉ. रिया तरुआ, मेल नर्स इंदुराज साहू सहित अन्य जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### प्रगतिरत जल संरक्षण के कार्यों का सोनवणे ने किया अवलोकन

**बैतूल।** घोड़ाडोंगरी जनपद के विभिन्न ग्रामों के भ्रमण के दौरान शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने ग्राम पंचायत रानीपुर में जल संरक्षण के सिरपुर मॉडल पर बनाए जा रहे प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने दोहा आधारित संरचना को व्यवस्थित रूप से विकसित करने के निर्देश दिए, ताकि वर्षा जल का अधिक संचयन हो सके तथा सिल्ट की समस्या का भी प्रभावी समाधान किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने शासकीय भूमि पर व्यवस्थित पौधरोपण कराने तथा निर्मित मंच पर शेड निर्माण कर उसकी उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश पंचायत को दिए। उन्होंने यहां निर्मित सोखपिट की संरचना का अवलोकन कर उसकी सराहना की तथा दुर्घटना के कारण हल्का क्षतिग्रस्त हुई संरचना की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए। सीईओ जनपद घोड़ाडोंगरी ने बताया कि इसी पैटर्न पर ग्राम पंचायत डोलाढानी में भी कार्य प्रगतिरत है।

### कलेक्टर ने रानीपुर थाना म्यूजियम का हालचाल जाना

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने शुक्रवार को घोड़ाडोंगरी जनपद क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों के भ्रमण के दौरान रानीपुर पुलिस थाना म्यूजियम का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने म्यूजियम में स्थापित विभिन्न गैलरियों का निरीक्षण कर वहां संरक्षित ऐतिहासिक सामग्री एवं स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेजों और वस्तुओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने आर्मर गैलरी, बुक्स एवं रिकॉर्ड सेक्शन, अंग्रेजों के जमाने के रैंक कैडर, पुलिस उपकरण, थाने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय वीरों के योगदान से संबंधित प्रदर्शित सामग्रियों का अवलोकन किया। इस दौरान थाना रानीपुर की हेड कांस्टेबल पूनम तिवारी ने म्यूजियम में संरक्षित प्रमुख ऐतिहासिक वस्तुओं एवं घटनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत छोड़ो आंदोलन में वीर शहीद विष्णु सिंह गोंड की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। म्यूजियम में अंग्रेजों के समय का ताला, हथकडय़ां, पुलिस बैंड से जुड़ी सामग्री तथा विभिन्न प्रकार की प्राचीन बंदूकें संरक्षित की गई हैं, जो उस दौर के इतिहास को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हैं।


## 1718 विद्यार्थियों को मिलेगी लैपटॉप की 25-25 हजार राशि

# शिक्षा विभाग विद्यार्थियों के खाते कर रहा है अपडेशन

संजय द्विवेदी ▶▶ बैतूल

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत अंक या उससे ज्यादा अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देने की योजना वर्ष 2013-14 से शुरू की गई थी। जिसके बाद हर साल शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के नियमित छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जाती है। इस वर्ष लैपटॉप योजना के लिए जिले के 1,718 विद्यार्थी चयनित हुए हैं, इन विद्यार्थियों को शासन द्वारा लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि जल्द ही मिलेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से जिले के 75 फीसदी से ज्यादा अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं की सूची जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बैतूल को भेजी गई है। जिसके अंतर्गत जिले के शासकीय एवं अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों के 1,718 छात्र-छात्राओं को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। यह राशि सीधे विद्यार्थियों के बैंक खातों में जाएगी। इस लिहाज से जिले में 1,718 छात्रों को करीब 4 करोड़ 29 लाख 50 हजार रुपए की राशि जल्द ही जारी होगी। इस वर्ष भी कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत अंक या उससे अधिक लाने वाले छात्रों को लैपटॉप की राशि 25-25 हजार रुपए दी जाएगी। इसको लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।

**विद्यार्थियों के खातों का किया जा रहा अपडेशन :** शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों के खातों का अपडेशन किया जा रहा है। अब लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा मांगा गया ब्योरा अपडेट करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। लैपटॉप योजना के तहत उन विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रुपये की




राशि प्रदान की जाती है, जिन्होंने माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा, 75 प्रतिशत या अधिक अंक लेकर उत्तीर्ण की है।

### अपडेट करना है यह जानकारियां

लैपटॉप राशि के लिए पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों की एंट्री पोर्टल पर करना है। इसके लिए जरूरी है कि उनका बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में हो, खातों का ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से हो और यह सुनिश्चित करना होगा कि उस बैंक खाते की लिमिट 25 हजार रुपये से कम न हो। अंसचालित और बंद खाते की एंट्री किसी भी हाल में न करने को कहा गया है। यह कार्य 15 दिनों के अंदर पूरा करना है। इस पूरी प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए जिले में 2 नोडल अधिकारी भी बनाए गए हैं। इनमें हाईस्कूल ताईखेड़ा के प्रभारी प्राचार्य अनिल कोकाटे और रायआमला हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य योगेश लाड़ शामिल हैं।

### इनका कहना है

कक्षा 12 वीं में 75 फीसदी से ज्यादा अंक वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25- 25 हजार रुपए की राशि जल्द ही जारी होगी। ऐसे विद्यार्थियों की संख्या जिले में इस बार 1,718 है। स्कूटी योजना का सर्कुलर शीघ्र ही भोपाल कार्यालय द्वारा जारी किया जाएगा।

**भूपेंद्र वरकड़े,** जिला शिक्षा अधिकारी, बैतूल

### पिछले सत्र से इस वर्ष बढ़ी विद्यार्थियों की संख्या

इस वर्ष बैतूल जिले में 1,718 विद्यार्थियों का चयन लैपटॉप योजना के लिए हुआ है। जबकि विगत वर्ष लैपटॉप योजना में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या जिले में कम थी। जिला शिक्षा अधिकारी बैतूल भूपेंद्र वरकड़े ने बताया कि विगत वर्ष 2025 में जिले के कुल 1027 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि मिली थी। जबकि वर्ष 2024 में 1192 छात्र-छात्राएं इसके लिए पात्र थे। इस साल विगत वर्ष की तुलना में 691 विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी है। इस बार जिले में पिछले वर्ष की तुलना में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़कर 1,718 हो गई है और परीक्षा परिणाम भी पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर रहा है।

### स्कूटी योजना के लिए बदल रहे हैं नियम

लैपटॉप योजना के साथ साथ, प्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 12वीं में अपने स्कूल में टॉप आने वाले छात्र-छात्राओं को स्कूटी देने की योजना वर्ष 2022-23 से शुरू की गई थी। इस योजना में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ई-स्कूटर के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये और पेट्रोल स्कूटी हेतु 90 हजार रुपये की राशि दी जाती रही है। अभी तक इस योजना में विद्यार्थियों को महाविद्यालय में एडमिशन लेने की बाध्यता नहीं थी, लेकिन विभागीय सूत्रों के अनुसार इस वर्ष से इस योजना में नियम बदले जा रहे हैं। अब महाविद्यालय में एडमिशन लेने के बाद ही स्कूटी के लिए राशि विद्यार्थी को प्रदान की जाएगी। यही कारण है कि अभी इनकी सूची कार्यालय द्वारा नहीं भेजी गई है और न ही इनके बैंक खातों की जानकारी ही भिजवाई गई है। विभागीय सूत्रों के अनुसार स्कूटी योजना अब उच्च शिक्षा विभाग को हस्तांतरित हो रही है। जिसके बाद स्कूल टॉपर्स महाविद्यालय में एडमिशन लेने के बाद ही स्कूटी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे।

## आरोपी पर विभिन्न थानों में पहले से ही दर्ज 11 मामले

# मकानों में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बीच बोरदेही पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने सूने मकानों को निशाना बनाने वाले एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में पहले से 11 मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार 30 मार्च 2026 को नरेरा निवासी अभिराम कुमरे ने बोरदेही थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि अमन उर्फ चमन और रोशन उर्फ रोसू नागवत ने उनके घर से 20 हजार रुपये चोरी कर लिए थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी राधेश्याम बट्टी के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की। टीम ने गंज बैतूल निवासी रोशन उर्फ रोसू नागवत को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी संपत्ति संबंधी अपराधों का आदतन अपराधी है और थाना गंज का निगरानी बदमाश भी है। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी रोशन उर्फ रोसू नागवत के कब्जे से चोरी की गई रकम में से 550 रुपये जब्त किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राधेश्याम बट्टी, एएसआई मिंतलाल धुर्वे, आरक्षक सचिन दीवानजी, रोहन उईके, राधेश्याम कुमरे सहित थाना गंज की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक श्री वीरेन्द्र जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों और निर्माणाधीन स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाएं, मजबूत तालों का उपयोग करें और नियमित निगरानी रखें ताकि चोरी की वारदातों को रोका जा सके।

### बैतूल में नाले में मिला अज्ञात युवक का शव, 3 दिन तक नहीं हुई पहचान

**बैतूल।** गंज थाना क्षेत्र में एक नाले से अज्ञात युवक का शव मिलने का मामला सामने आया है। तीन दिन तक पहचान नहीं होने पर पुलिस ने सामाजिक संगठनों और नगर पालिका कर्मचारियों की मदद से युवक का हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार कराया। पुलिस को 20 मई की रात करीब 9 बजे सूचना मिली थी कि हमलापुर के मांझी नगर स्थित अपना ढाबा के पास नाले में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही गंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष थी। उसकी लंबाई लगभग 5 फीट 5 इंच, रंग गेहुआ, चेहरा गोल और बाल काले थे। युवक की हल्की दाढ़ी-मूंछ थी। शव पर कोई कपड़ा नहीं था, लेकिन कमर में काला धागा और दाहिने हाथ में कुसुम का कलेवा बंधा मिला। पेट पर जलने का पुराना निशान भी पाया गया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पहचान के लिए जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवाया गया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों और अन्य थानों में भी मृतक की पहचान के प्रयास किए, लेकिन शुक्रवार तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पहचान नहीं होने पर जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद पुलिस, नपा और सामाजिक संगठनों की मौजूदगी में युवक का अंतिम संस्कार हिंदू रीति-रिवाज से किया।

### पेयजल समस्या का करें त्वरित निराकरण: कलेक्टर डॉ. सोनवणे

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, श्रम विभाग, ई-गवर्नेंस की योजनाओं और विधायक निधि एवं सांसद निधि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने अधिकारी, कर्मचारियों को समय-सीमा में ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल समस्या का निराकरण करने, प्रगतिरत निर्माण कार्यों को पूर्ण करने, पेंशन प्रकरण एवं संबल योजना के प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इंदिरा मेहतो, कार्यपालन यंत्री आरईएस एस.एस. मरकाम, कार्यपालन यंत्री आरईएस मुलताई ईश्वरीय प्रसाद ठाकरे, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग रोशनी वर्मा, श्रम पदाधिकारी धम्मदीप भगत, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस विवेक सूर्यवंशी, सीईओ आमला पंकज दरोठिया, सीईओ मुलताई धर्मपाल सिंह मराराम, सीईओ प्र.पटटन आंचल पंवार, सीईओ आठनेर आस्था जैन, सीईओ भैंसदेही झलकन, सीईओ भीमपुर नानसिंह चौहान, सीईओ शाहपुर फिरदौस शाह, सीईओ चिचोली प्रतिभा जैन, सीईओ बैतूल शिवानी राय एवं सीईओ घोड़ाडोंगरी तीजा पंवार सहित जिला पंचायत से प्रभारी अधिकारी एवं जनपद पंचायत स्तर से अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, उपार्जन केंद्र, कृषि सहकारी समिति का किया निरीक्षण

# महिलाएं समय पर आवश्यक खुराक ले, नियमित मॉनिटरिंग हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

घोड़ाडोंगरी जनपद के विभिन्न ग्रामों के भ्रमण के दौरान शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने रानीपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, उपार्जन केंद्र, कृषि सहकारी समिति का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, आईपीडी एवं विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी डॉक्टरों से ली। उन्होंने निर्देश दिए कि रोस्टर के अनुसार डॉक्टरों की नियमित ड्यूटी लगाकर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही बारिश से पूर्व स्वास्थ्य केंद्र भवन की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने बीएमओ से पीएम संबंधी शिकायतों की जानकारी लेकर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, प्रथम त्रैमासिक एएनसी पंजीयन तथा हाई रिस्क एवं एनीमिक महिलाओं को दिए जा रहे उपचार की जानकारी ली। इस दौरान बीएमओ ने हाई रिस्क और एनीमिक महिलाओं को दिए जा रहे उपचार की जानकारी दी, जिस पर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हाई रिस्क और एनीमिक महिलाएं समय पर अपनी आवश्यक खुराक ले, इसकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए।



इसके अलावा उन्होंने आयरन सुक्रोज सहित अन्य आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश भी दिए। बीएमओ ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घोड़ाडोंगरी में सोनोग्राफी सेवाएं भी पूरी तरह क्रियाशील हैं। इस दौरान कलेक्टर ने घोड़ाडोंगरी को एक बेहतर स्वास्थ्य मॉडल के रूप में विकसित करने तथा क्षेत्र में मातृ एवं शिशु मृत्यु शून्य रखने के लिए प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने रानीपुर स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उन्हें बिस्किट एवं चॉकलेट वितरित किए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों की दर्ज संख्या, नाश्ता एवं भोजन व्यवस्था की जानकारी ली तथा भोजन चखकर गुणवत्ता भी परखी। भोजन हल्का तीखा पाए जाने पर उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से जानकारी ली। कार्यकर्ता ने बताया कि बच्चे सहज रूप से तीखा भोजन ग्रहण कर लेते हैं। आंगनवाड़ी में उपलब्ध फर्स्ट एड किट का निरीक्षण कर बीएमओ को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### उपार्जन केंद्र और कृषि सहकारी समिति पर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

*कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने रानीपुर स्थित गायत्री खरीदी केंद्र पहुंचकर उपज तौल प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा खरीदी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लस्टर लॉस के कारण रिजेक्ट हुई उपज भी देखी और खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कृषि सहकारी समिति रानीपुर का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का अवलोकन किया। किसान की ओटीपी प्राप्त नहीं होने की शिकायत पर ऑपरेटर के साथ बैठकर स्वयं ई-टोकन प्रणाली से ओटीपी प्राप्त करने से लेकर खाद आवंटित करने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि समिति से जुड़े किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कोई है तो निराकरण कर किसानों को सुचारू खाद वितरण किया जाए।*

## पुष्य नक्षत्र पर किया आयोजन

# आयुष विभाग के स्वर्ण प्राशन में 470 बच्चों ने लिया लाभ

**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा 21 मई को जिले में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 470 बच्चों ने लाभ प्राप्त किया। जिला आयुष अधिकारी एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्ण प्राशन कराया जाता है। इस माह भी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि स्वर्ण प्राशन औषधि में स्वर्ण भस्म के साथ शंखपुष्पी, ब्राम्ही, वचा तथा घृत और शहद का मिश्रण उपयोग किया जाता है। बदलते मौसम में यह बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बीमारियों से लड़ने की शक्ति मजबूत करने में सहायक माना जाता है। आयुष विभाग के



अनुसार स्वर्ण प्राशन बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम के तहत शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में 318 बच्चों, जिला आयुष विंग बैतूल में 46 बच्चों, शा आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में 81 बच्चों तथा शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैंसदेही में 25 बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराया। विभाग ने अभिभावकों से 6 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को लाने अपील की है।

## कथा में आस्था दीदी के प्रवचन

# ज्ञान का दीप जलते ही मिटने लगता है मन का अंधकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

ग्राम पंचायत परिसर स्थित विजय मंगल भवन में आयोजित श्रीमद् भगवत गीता एवं महाभारत आधारित गीता ज्ञान प्रवचन के छठवें दिन आध्यात्मिक वातावरण के बीच योग शक्ति आस्था दीदी का तिलक, पट्टा एवं पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। वहीं नगर की गणमान्य माताओं ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ब्रह्माकुमारीज भौरा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अपने प्रवचन में योग शक्ति आस्था दीदी ने कहा कि जिस प्रकार एक छोटा सा दीपक घोर अंधकार को समाप्त कर देता है, उसी प्रकार ईश्वर ज्ञान मनुष्य के भीतर फैले भय, चिंता, तनाव और नकारात्मकता को दूर कर देता है।

आज मनुष्य बाहरी सुख-सुविधाओं में शांति खोज रहा है, जबकि वास्तविक शांति आत्मा की पवित्रता और ईश्वर स्मृति में छिपी हुई है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के दुखों का सबसे बड़ा कारण परिस्थितियां नहीं, बल्कि उसकी सोच और दृष्टिकोण है। यदि व्यक्ति अपने विचारों को सकारात्मक बना ले तो कठिन से कठिन समय में भी स्थिर और शांत रह सकता है। गीता हमें परिस्थिति बदलने से पहले स्वयं को बदलने की शिक्षा देती है। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि आज समाज में बढ़ती अशांति, क्रोध और तनाव का कारण मनुष्य का अपने मूल संस्कारों से दूर होना है। जब व्यक्ति अपने जीवन में सहनशीलता, विनम्रता और मधुरता को अपनाता है, तभी परिवार और समाज में सुख-शांति स्थापित होती है। आस्था दीदी ने कहा कि मनुष्य को दूसरों की गलतियों को देखने के बजाय स्वयं के स्वभाव और कर्मों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए। आत्म चिंतन ही आत्म परिवर्तन का पहला कदम है और आत्म परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन संभव है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परमात्मा की याद और योग साधना मनुष्य को आंतरिक शक्ति प्रदान करती है। जब आत्मा शक्तिशाली बनती है तब परिस्थितियां व्यक्ति को कमजोर नहीं कर पातीं। गीता का ज्ञान मनुष्य को हर परिस्थिति में धैर्य, संयम और सकारात्मकता बनाए रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक गीतों एवं गीता ज्ञान का श्रवण कर आत्मिक शांति का अनुभव किया।

## वन विभाग और स्नेक मित्रों के सहयोग से सामने आई बैतूल की सर्प विविधता

# जंगल में सांपों की अनोखी दुनिया, 5 फैमिली, 19 प्रजातियां दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सतपुड़ा अंचल की जैव विविधता एक बार फिर चर्चा में है। बैतूल जिले में सांपों की विभिन्न प्रजातियों पर किए गए विस्तृत अध्ययन में जिले में 5 फैमिली और 19 प्रजातियों के सांपों की मौजूदगी दर्ज की गई है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैतूल के पूर्व प्राध्यापक डॉ. सुखदेव डोंगरे ने वन विभाग और स्नेक मित्रों के सहयोग से वर्ष 2024-25 में बैतूल जिले का स्नेक फाना तैयार किया है। अध्ययन में यह भी सामने आया कि जिले के वन क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी और ग्रामीण इलाकों में भी सांपों की विविध प्रजातियां निवास कर रही हैं। क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय भोपाल, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित पुस्तक - सांप हमारे दुश्मन नहीं- के अनुसार विश्व में लगभग 2700 प्रजातियों के सांप पाए जाते हैं। वर्ष 2005 की रिपोर्ट में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 6 फैमिली एवं 39 प्रजातियों के सांप दर्ज किए गए थे। वहीं वर्ष 2010 से 2012 के अध्ययन में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और पचमढ़ी बायोस्फीयर रिजर्व क्षेत्र में 6 फैमिली एवं 31 प्रजातियों के सांप पाए गए। अमोल कुमार के वर्ष 2012 के अध्ययन में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व होशंगाबाद में 22 प्रजातियां रिकॉर्ड की गईं, जबकि संदीप फेलोबस ने वर्ष 2014 में पचमढ़ी बायोस्फीयर रिजर्व में 31 प्रजातियों का उल्लेख किया। शैला इशाक के अध्ययन में गांधीसागर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में 6 फैमिली की 22 प्रजातियां दर्ज की गई थीं।

### वन विभाग और स्नेक मित्रों का सहयोग

डॉ. सुखदेव डोंगरे ने वन विभाग के रेंजर बरडे, स्नेक मित्र आदिल खान, विशाल विश्वकर्मा और जमाल भाई के सहयोग से बैतूल जिले में यह अध्ययन किया। अध्ययन के दौरान बैतूल, आमला, घोड़ाडोंगरी, आठनेर, भैंसदेही, शाहपुर, पट्टन, चिचोली, भीमपुर और मुलताई सहित जिले के दस विकासखंडों के वन क्षेत्रों, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व और मेलघाट क्षेत्र में सांपों की प्रजातियों का सर्वे किया गया।

### इन प्रजातियों की हुई पहचान

अध्ययन में बोइडी फैमिली के रेड सेंड बोआ, कॉमन सेंड बोआ और अजगर, कोलूब्रिडी फैमिली के सीता कील बैक, कॉमन कैट स्नेक, ब्रॉन्ज बैक ट्री स्नेक, कॉमन ट्रिंकेट स्नेक, वुल्फ स्नेक, ग्रीन कील बैक, कॉमन कुकरी स्नेक, रसेल कुकरी स्नेक, रेट स्नेक और चेकरड कील बैक दर्ज किए गए। वहीं इलापीडी फैमिली में कॉमन करैत और इंडियन स्पेक्टेकल्ड कोबरा, टाइफ्लोपिडी फैमिली में ब्राह्मणी वर्म स्नेक तथा वाइपरीडी फैमिली में सॉ स्केल्ड वाइपर, बम्बू पिट वाइपर और रसेल्स वाइपर की मौजूदगी रिकॉर्ड की गई।

### सांप पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी

डॉ. डोंगरे ने बताया कि सभी सांप जहरीले नहीं होते और बिना कारण उन्हें नहीं मारना चाहिए। धामन जैसे सांप बड़ी मात्रा में चूहे खाकर किसानों को फायदा पहुंचाते हैं। इसके साथ ही कई प्रजातियां कीड़े-मकोड़ों को खाकर पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# जैव विविधता संरक्षण के लिए स्थानीय स्तर पर काम जरूरी: डॉ हर्षवर्धन यादव

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैतूल में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर हुई कार्यशाला




**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जयवंती हक्सर पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बैतूल में इको क्लब के तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में किया गया। इको क्लब प्रभारी प्रोफेसर अर्चना सोनारे ने वनस्पति विभाग में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता डॉ हर्षवर्धन यादव, विधि महाविद्यालय बैतूल ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि पंचायत स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण संभव है। प्रोफेसर अर्चना सोनारे ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पृथ्वी पर मौजूद पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं और पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और संरक्षण को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ महेंद्र नावांगे ने किया। इस दौरान प्रोफेसर नीतू कुमरे, डॉ विनोद चौरासे, डॉ पंकज बारस्कर, प्रोफेसर दीपिका साहू, डॉ राहुल सिंह ठाकुर और प्रोफेसर संतोष पवार सहित महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। छात्राओं को जैव विविधता संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और प्रकृति संरक्षण में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि स्थानीय स्तर पर किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी वैश्विक स्तर पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और उपस्थित जनों को जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करना तथा इस वर्ष की थीम एक्टिंग लोकली फॉर ग्लोबल इंपैक्ट के महत्व को समझाना रहा। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। सभी ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

**खबर संक्षेप**

## अजा मोर्चा जिला स्तरीय बैठक की गई संपन्न


**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की कामकाजी कार्यकर्ताओं की बैठक बस स्टेण्ड स्थित जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। जिसमें प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा को सौंपे गये कार्यक्रमों की रणनिति सहित कार्यक्रमों की रूप रेखा की तैयारियों को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री व संभाग प्रभारी भोपाल उपस्थित रहे व मंचासीन अतिथिगणों में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरीश कौशल, मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बरखा वर्मा, मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कोली, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन चौहान, मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष रामस्वरूप मालवीय, जिला महामंत्री राजाराम मालवीय, वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर पाटीदार उपस्थित थे। मंचासीन अतिथियों ने महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में स्वागत भाषण भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष कैलाश बगाना के द्वारा किया गया। तत्पश्चात मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री गनपत डाबी के द्वारा आगामी कार्यक्रमों व रणनीति बताकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया।

### पिपरिया में अवैध गतिविधियों पर प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

# ढाबों पर खुलेआम परोसी जा रही थी शराब, टीम ने 6 प्रकरण किए दर्ज

अवैध शराब सेवन और अनियमितताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। राजस्व, आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शहर की शराब दुकानों, ढाबों और गुमटियों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान ढाबों पर शराब पिलाने पर 6 प्रकरण बनाए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





कलेक्टर के निर्देश और एसडीएम पिपरिया के मार्गदर्शन में प्रशासन ने अवैध शराब सेवन और अनियमितताओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। राजस्व, आबकारी और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने शहर की शराब दुकानों, ढाबों और गुमटियों का सघन निरीक्षण किया।

नायब तहसीलदार नीरज सिंह बैस के नेतृत्व में टीम ने मंडी रोड, बस स्टैंड और इतवारा बाजार स्थित शराब दुकानों के आसपास जांच की। इस दौरान हवेली ढाबा, साईं सिलारी ढाबा, साईं फैमिली ढाबा, सतपुड़ा ढाबा और नैवेद्य ढाबा में विशेष चेकिंग की गई।

### खुलेआम परोसी जा रही थी शराब, प्रकरण बनाए

निरीक्षण में हवेली ढाबा, साईं फैमिली ढाबा और इतवारा बाजार शराब दुकान के पास एक गुमटी में खुलेआम शराब पिलाने की शिकायत सही पाई गई। टीम ने मौके पर लोगों को सार्वजनिक रूप से मदिरापान करते पकड़ा। इस पर म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 36(अ) एवं 36(ब) के तहत कुल 6 प्रकरण दर्ज किए गए। साथ ही साईं फैमिली ढाबा में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करते पाया गया। नियम तोड़ने पर एक सिलेंडर जब्त कर संचालक को कड़ी चेतावनी दी गई। नायब तहसीलदार नीरज सिंह बैस ने शराब दुकान संचालकों को साफ निर्देश दिए कि दुकानों के आसपास किसी भी हाल में शराब न पिलाई जाए। कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाली गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाने को कहा।

### प्रशासन की कार्रवाई में यह रहे मौजूद

चेतावनी दी गई कि अगली बार नियम तोड़ने पर और कठोर कार्रवाई होगी। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक हितेश कुमार बिशोरिया, आरक्षक गणपति बोबड़े, योगेंद्र सिंह ठाकुर, नगर सैनिक बसंत पटेल, संतोष ठाकुर शामिल रहे। पुलिस विभाग से सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह परते, मुख्य आरक्षक साजिद अली, आरक्षक अनिल, प्रतीक साहू एवं सतीश पटेल ने सहयोग किया।

### शराब अहाते चलाने वालो में भय व्याप्त

प्रशासन की इस छापेमारी के बाद शहर में अवैध रूप से शराब पिलाने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे संयुक्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। विदित हो कि जिले में अब अवैध शराब सेवन और अनियमितताओं के खिलाफ रोक लगाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है तथा लगातार प्रकरण बनाए जा रहे हैं।

# परीक्षा देकर लौट रही थीं बच्चियां वाहन की टक्कर से हुईं घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

ग्राम धामनिया की दो बालिकाएं प्रिया एवं दिया कॉलेज से परीक्षा देकर अपने घर वापस लौट रही थीं। इसी दौरान रास्ते में एक फोर व्हीलर वाहन चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी गई, जिससे दोनों बालिकाएं घायल हो गईं। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया और परिजनों सहित स्थानीय लोगों ने भी मामले को गंभीरता से लिया।

### विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने पुलिस से की चर्चा

घटना की जानकारी मिलते ही विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल चर्चा की। विधायक ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) एवं थाना प्रभारी (टीआई) को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने और उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही विधायक ने अधिकारियों को घायल बालिकाओं के बेहतर उपचार की व्यवस्था करने तथा हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए, ताकि पीड़ित परिवार को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकताः विधायक

विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने कहा कि क्षेत्र की बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और ऐसे मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।विधायक प्रेमशंकर वर्मा ने घायल बालिकाओं प्रिया एवं दिया के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की ईश्वर से कामना करते हुए उनके परिवारजनों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ इस मामले में कार्य कर रहा है।

# जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद आई अनुभागों के राजस्व प्रकरणों में तेजी, मिल रहा तुरंत निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



कलेक्टर नर्मदापुरम द्वारा सतत नियमित रूप से निर्देशित किये जाने के बाद तहसील माखन नगर में राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के निराकरण में तेजी आई है। वर्ष में 437 नामान्तरण बटवारा व सीमांकन के प्रकरणों का निपटारा किया गया है वही कानून व्यवस्था एवं आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओ का त्वरित क्रियान्वन कार्य प्रभावी रूप से पालन कराया जाने से आमजन को राहत मिल रही है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजस्व मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से न्यायिक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट कार्यों को पृथक करते हुए पूर्णकालिक न्यायिक तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की व्यवस्था लागू की गई है, न्यायालय तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार हेतु तहसीलदार महेन्द्र चौहान एवं नायब तहसीलदार सुनील गढ़वाल पदस्थापना से प्रतिदिन नियमित सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होने से प्रकरणों को विधि अनुसार सुना जा रहा है। न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा माखन नगर क्षेत्र के प्रकरणों की सुनवाई प्रति मंगलवार तहसील माखन नगर में किए जा रहे है जिससे अनावश्यक हितग्रहियों का निराकरण मुख्यालय में ही हो रहा है तथा नियमानुसार आमजन के प्रकरण समयावधि में निराकरण किये जाने के प्रयास कलेक्टर के दिए निर्देशानुसार हो रहे हैं। वही गैर न्यायिक कानून व्यवस्था एवं प्रोटोकाल ड्यूटी हेतु श्रध्दा गोस्वामी नायब तहसीलदार की पदस्थापना की गई है। कलेक्टर के आदेशानुसार राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो रहा है ।

## निर्वाचन में लगी डियुटी मैडम सोई गहरी नींद

**पिपरिया।** त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरिया निकाय चुनाव के लिए निर्वाचन की मतदाता सूची में संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 18 वर्ष के युवाओं को अपने नाम 25 मई तक जोड़े जाने का कार्य किया जाएगा। नाम जुड़वाने अशुद्धियां में सुधार करने और दावा आपत्ति दर्ज कराने के लिए जनपद पंचायत कार्यालय में तथा अनेक जगह पर अधिकारी कर्मचारी को तैनात किया गया है। मतदाता सूची का प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति करने की प्रक्रिया चल रही है। लेकिन मौके पर लगातार पाया गया कि डिप्युटी पर मैडम आराम फरमा रही थी। ऐसे में कैसे संभव है दावा आपत्ति कार्यक्रम क्यों की हमारे देश में परंपरागत तरीके से सोते हुए व्यक्ति को जगाने में पाप समझा जाता है।



# मदिरा दुकानों व ढाबों के आसपास अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई

### ढाबे पर किया जा रहा था घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग, की नियमानुसार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर





फोटो 01- शराब दुकान पर जांच करते अधिकारी। फोटो 02- एक ढाबे पर पूछताछ करते अधिकारी।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में मदिरा दुकानों के आसपास संचालित अवैध गुमठी, ढाबों तथा सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सोहागपुर में भी एसडीएम प्रियंका भलावी एवं तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े ने गत दिवस कार्रवाई की है।

प्रशासन द्वारा जारी प्रेसनोट के अनुसार अधिकारियों द्वारा मदिरा दुकानों के आसपास संचालित गुमठियों एवं ढाबों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मदिरा दुकान क्रमांक एक, मदिरा दुकान ग्राम बोदी, अविनाश ढाबा एवं मढ़ई ढाबा का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण कायम किये गए हैं। साथ ही संबंधित मदिरा दुकानों में उपस्थित अभिकर्ताओं को सख्त निर्देश दिये गए हैं कि दुकान के आसपास किसी भी प्रकार से मदिरापान ना कराया जाए तथा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान अधीनस्थ कर्मचारी उपस्थित थे।

### ढाबे से मिला घरेलू सिलेंडर

निरीक्षण के दौरान मढ़ई ढाबा में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। उक्त अनियमितता पाए जाने पर दो घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किये गए हैं। उक्त संयुक्त कार्रवाई राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग द्वारा की गई। सोहागपुर एसडी प्रियंका भलावी ने बताया कि अवैध गतिविधियों, सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान तथा नियम विरुद्ध कार्यों के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# गंगा संवर्धन अभियान में गंगा दशहरा पर होंगे कई कार्यक्रम

### होगी जलस्त्रोतों की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के वैनर तले ग्राम प्रस्फुटन समिति बीजनवाडा के द्वारा गंगा दशहरे पर विशालकाय शोभायात्रा निकालकर पचमढ़ी रोड स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा।

समिति के सचिव शिवम् दुबे ने बताया विशालकाय कलश यात्रा निकाली जाएगी। तथा जल स्त्रोत मछवासानदी के जल स्त्रोत का पूजन किया जाएगा। गंगा कलश यात्रा निकाली जाएगी। गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमका आयोजित करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य गतिविधियां शामिल रहेगी।उदगम स्थल पर पूजन किया जाएगा। कुआं हेंड पंपों तालाब बाबडियै का पूजन एवं जल स्त्रोत की साफ सफाई होगी।

बैठक में सरपंच माधुरी पंचम सिंह बैंकर पवन वालिया सभी लोगों की उपस्थिति में जन अभियान परिषद के ब्लाक प्रमुख दयाशंकर उभरे मनीराम अध्यक्ष राहुल कहार पंच परमेश्वर देवेंद्र सिंह पटेल सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि



**सोहागपुर।** स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में गत दिवस कांग्रेसियों द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसियों ने स्व. राजीव गांधी के छायाचित्र पर सूत की माला अर्पित की तथा माल्यार्पण किया। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज सिंह पटेल, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, प्रकाश मालवीय, सेवादल अध्यक्ष इरफान खान, देवांशू शर्मा, मोहन कहार, भास्कर मांझी, जयभानु चंदेल आदि उपस्थित रहे।

# विधायक विजयपाल सिंह ने नियुक्त किए अपने प्रतिनिधि

### अभिनव पालीवाल एवं शुभम रघुवंशी को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई सोहागपुर की आईएमसी समिति के गठन के लिए अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। विधायक द्वारा जारी पत्र के माध्यम से अभिनव पालीवाल एवं शुभम रघुवंशी को विधायक प्रतिनिधि के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि शासकीय आईटीआई सोहागपुर में मातापुरा वार्ड निवासी अभिनव पालीवाल एवं ग्राम हीरापुर निवासी शुभम रघुवंशी को विधायक प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया है। विधायक ने जारी पत्र में संस्था प्राचार्य को जरूरी कार्यवाही के निर्देश भी दिये हैं। आईएमसी समिति संस्था व उद्योगों के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण गुणवत्ता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अतः समिति में युवा भागीदारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# नगर मंडल के शक्ति केंद्रों की बैठक में संगठन मजबूती और कार्यक्रमों को लेकर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के मार्गदर्शन में सिवनी मालवा नगर मंडल अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4, 14 एवं 15 के शक्ति केंद्रों की बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा की गई।

बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर अपने विचार रखे। साथ ही आगामी कार्यक्रमों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पार्टी संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ स्तर के कार्यकर्ता होते हैं और उनकी सक्रियता से ही संगठन को मजबूती मिलती है। कार्यकर्ताओं से अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने, आम लोगों की समस्याओं को सुनने तथा पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रभारी श्री रघुवीर राजपूत, मंडल महामंत्री श्री अतुल बकोरिया सहित बूथ के सदस्य एवं शक्ति केंद्र के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्पर्धा के आयोजन को लेकर हुआ प्रेसवार्ता का आयोजन

# इटारसी प्रीमियर लीग विधायक कप का आज से होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी




शहर में खेल भावना को बढ़ावा देकर क्रिकेट के क्षेत्र में उभर रही युवाओं की टीमों को मंच देने के उद्देश्य से शनिवार शाम से गांधी मैदान पर इटारसी प्रीमियर लीग विधायक कप टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र ओझा, टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष राहुल चौरे ने बताया कि पिछले दिनों स्पर्धा के लिए मेगा ऑक्शन का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता के लिए कुल 265 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिन पर 16 फ्रेंचाइजी और उनके कप्तानों के नाम फाइनल किए गए।

टूर्नामेंट का प्रथम इनाम 51000 रूपये ओर चमचमाती ट्रॉफी प्लेटिनम रिसोर्ट के संचालक रोहित बवेजा की ओर से दिया जाएगा। दूसरा इनाम 25000 हजार रुपए ओर ट्रॉफी उपविजेता को प्रदान की जाएगी। पूरे आयोजन में क्रिकेट प्रेमियों को आईपीएल जैसा रोमांच देखने को मिलेगा।

कार्यक्रम के संयोजक जितेंद्र ओझा ने बताया कि यह पूरा आयोजन आईपीएल की तर्ज पर किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे ने कहा कि इटारसी प्रीमियर लीग विधायक कप का उद्देश्य शहर की प्रतिभाओं को मंच देना है। स्थानीय खिलाड़ियों को बड़े स्तर का अनुभव दिलाने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण साबित होगी। विधायक प्रतिनिधि गोलू भाटिया ने कहा कि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन में यह आयोजन किया जा रहा है। कमेटी में सचिव शैलेंद्र दुबे, लखन बेस, जसबीर सिंह छाबड़ा. हैप्पी भाटिया, संजय नगरिया, कुलदीप रघुवंशी, अनिल राठी, सत्येंद्र पाल जग्गी, गोलू भाटिया, मनी छाबड़ा, राकेश दुबे को शामिल किया गया है। शाम छह बजे से मैदान पर रोजाना तीन चार टीमों के मैच कराए जाएंगे।

**इटारसी प्रीमियर लीग विधायक कप मे ये रहेंगी टीम**

संस्कार सुपर किंग मालिक कामेश अग्रवाल मोनू कप्तान लाली सरदार,के.एन. ग्रुप मालिक ओ.पी. गाँधी कप्तान सियाराम वर्मा,
सांई कृष्णा राइडर्स मालिक सत्यम अग्रवाल कप्तान अहमद शाह,सिटी सेंटर मालिक शिरीष कोठारी कप्तान कमल चैलानी,दुबे इवेंट इवेंजर मालिक शिवम दुबेकप्तान विवेक वर्मा,
कृति किंग्स मालिक मितेश जैन कप्तान, अविनाश तोमर,वर्धमान वॉरियर्स मालिक प्रशांत जैन कप्तान देव सौधा,
जीनियस सुपर किंग्स मालिक यूनिस सिद्धीकी कुलदीप रघुवंशी कप्तान जाफर सिद्धीकी,
रिलाएबल ग्रुप मालिक अरूण जायसवाल, नीरज तिवारी कप्तान सुमित कुचबंदिया अग्रवाल कैटर्स मालिक मनोज अग्रवाल कप्तान ओवेश खान
सुपर जॉइंट्स मालिक ललित अग्रवाल,
सांवरिया लाइंस मालिक राजुल सांवरिया कप्तान पवन गोस्वामी,
बी. वॉयज आदर्श क्लब मालिक अरुण भाट कप्तान अरुण भाट,
रघुवंशी ब्रदर्स मालिक कुलदीप रघुवंशी कप्तान तरूण चौधरी,
इंडियन फाइटर मालिक नजफ अली कप्तान हरिराम भैसारे,
श्री श्याम फ्यूल्स मालिक अक्षत अग्रवाल कप्तान बंटी पटैल,
शुभ मंगल नेशनल मालिक संदेश अग्रवाल कप्तान मोहसिन कुरेशी रहेंगे।

## परियोजना नर्मदापुरम शहरी में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के पदों की अंतिम सूची जारी

**नर्मदापुरम।** मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार कार्यालय परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना नर्मदापुरम शहरी परिक्षेत्राांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका के पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। ऑनलाइन आवेदन 31 दिसम्बर 2025 से 10 जनवरी 2026 तक आमंत्रित किए गए थे। नर्मदापुरम जिले में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है।

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला - नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
**Municipal Council Pipariya Distt.- Narmadapuram**
पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू में, तिलक वार्ड, पिपरिया पिन-461775
फोन नं. 07676-222041 E-mail - cmopipariya@mpurban.gov.in
क्रमांक/राजस्व/2026-76/238 पिपरिया, दिनांक :- 22/05/2026

// नीलामी सूचना //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद पिपरिया द्वारा निकाय स्वामित्व एवं आधिपत्य की मंडी रोड पर स्थित निदान अस्पताल के सामाने की भूमि खसरा न. 380/2 के निम्नानुसार प्लाटों की नीलामी 30 वर्षों के लिये म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 109 एवं म.प्र. नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 के प्रावधानों के अंतर्गत उपयोंग कर अधिकार निर्धारित मासिक किराया एवं अधिकतम प्रीमियम राशि के आधार पर दिये जाने हेतु नगर पालिका परिषद पिपरिया द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों के तहत बंद लिफाफे में निविदायें (नीलामी बोली के प्रस्ताव / ऑफर) आमंत्रित किये जाते है।
01. A ब्लाक के प्लाटों क्रमशः 7,8- (02) 02. C ब्लाक के प्लाटों क्रमशः 19,20,21,22,23,24-(06)
03. D ब्लाक के प्लाटों क्रमशः 33,34-(02) 04. E ब्लाक के प्लाटों क्रमशः 35,36,37,38,39,40,41-(07)
05. F ब्लाक के प्लाटों क्रमशः 42-(01)
इच्छुक व्यक्ति निविदा ऑफर फार्म रुपया 2360/- (जीएसटी राशि सहित) के शुल्क पर प्राप्त कर सूचना प्रकाशन से दिनांक 22.05.2026 शाम 05.30 बजे तक कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद की राजस्व शाखा से प्राप्त किये जा सकते है। निविदा ऑफर फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.06.2026 समय दोपहर 02.00 बजे तक होगी निर्धारित समय उपरांत निविदाये स्वीकार नही की जावेगी। सभी प्रस्तुत निविदायें दिनांक 05.06.2026 को ही शाम 04.00 बजे उपस्थित निविदाकताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी। नगर पालिका कार्यालय से क्रय किये गये निविदा फार्म पर ही ऑफर स्वीकार किये जावेगें रजिस्टर्ड या कोरियर सर्विस द्वारा निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगीं। निविदा की विस्तृत शर्ते राजस्व शाखा नगर पालिका परिषद कार्यालय पिपरिया में अवकाश के दिन छोड़कर कार्यालयीन समय में कभी भी देखी व पढ़ी जा सकती।

श्रीमति नीना नवनीत नागपाल
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद पिपरिया

मुकेश पठारिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिपरिया

## खबर संक्षेप

### गंगा दशहरा पर जन आंदोलन बनेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

**हरदा।** हिन्दू संस्कृति के अनुसार गंगा दशहरा का पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माँ गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी और प्रकृति एवं जन-जीवन को धन्य किया था। इस वर्ष गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान को व्यापक स्वरूप देते हुए जन-जन को जोड़ा जायेगा। 25 मई को जिलों के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण केंद्रों का निरीक्षण

**हरदा।** नगरीय निकायों एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक डी.डी. अग्रवाल ने शुक्रवार को विकासखंड टिमरनी के केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने ग्राम पंचायत छिदगांवमेल, खिड़की, रहटगांव, सोडलपुर तथा नगर परिषद टिमरनी में दावे-आपत्ति प्राप्त करने के लिए निर्धारित केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राधिकृत कर्मचारियों से प्राप्त दावे-आपत्तियों की विस्तृत जानकारी ली। मतदाता सूची को शुद्ध बनाने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं प्राधिकृत कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### 28 मई तक बढ़ाई गई गेहूं खरीदी की तारीख

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देशानुसार किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख 23 मई से बढ़ाकर 28 मई कर दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश देश में सर्वाधिक गेहूं खरीदी करने वाला राज्य है। प्रदेश में गेहूं खरीदी का लक्ष्य भी 75 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया गया है।

### 1 जून से शुरू होगी सेना भर्ती ऑनलाइन परीक्षा

**सीहोर।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा भर्ती वर्ष 2026-27 के लिए अग्निवीर भर्ती रैली संबंधी सूचना जारी की गई है। भारतीय सेना में भर्ती के लिए पंजीकरण कराने वाले अभ्यर्थियों की ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) 01 जून 2026 से 12 जून 2026 तक भोपाल के दो परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

## कपासी, छिदगांव मेल व टिमरनी का दौरा किया

# कलेक्टर ने लाभार्थी संतुष्टि शिविर स्वास्थ्य केंद्र व मंडी का जायजा लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को जिले के ग्राम कपासी, छिदगांव मेल और टिमरनी का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों और संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ध्रधरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान एवं प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत आयोजित लाभार्थी संतुष्टि शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। उन्होने इस दौरान ग्रामीणों से पेयजल व्यवस्था तथा गांव में नामांकन व बंटवारा की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होने उपस्थित किसानों से उपार्जन व्यवस्था पर भी चर्चा की। उन्होने किसानों से उर्वरक का अग्रिम उठाव करने के लिये भी कहा। कलेक्टर ने शिविर में दिव्यांग तुलसीराम हरिप्रसाद को पात्रता अनुसार शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा ग्रामीण आवास प्लस योजना के तहत हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायत में चस्पा करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 27 हितग्राहियों का उपचार किया गया। उन्होने बरूढ़ घाट में संचालित कान्हा श्री गो धाम का निरीक्षण कर वहां बायो गैस प्लान्ट लगवाने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत कपासी के ग्राम बरूड़ घाट से गौशाला पहुँच मार्ग का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान ग्राम छिदगांव मेल में उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होने अनमोल एप व एनसीडी आंकड़ों की जानकारी ली। कलेक्टर ने श्री वल्लभ वेयरहाउस का निरीक्षण कर भण्डारण, तुलाई एवं हम्मालों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होने इस दौरान किसानों के लिये उपार्जन केन्द्र पर की गई छाया पानी की व्यवस्था भी देखी। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि उपार्जन कार्य में किसानों को कोई समस्या न हो।

### मंडी पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर जैन ने टिमरनी पहुंचकर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाएं देखीं। उन्होने एसडीएम टिमरनी संजीव नागू को व्यापारियों द्वारा शेड में रखे माल को हटाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि यदि कोई व्यापारी माल नहीं हटाता है तो उससे किराया वसूल किया जाए। इस दौरान उन्होने ग्राम पिपल्यामाफी में श्याम वेयरहाउस का निरीक्षण कर वहां उपार्जन व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, जिला संयाजक जनजातीय कार्य विभाग पारूल जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण

# सप्ताह में दो-दो दिन एसडीएम व उप पंजीयक कार्यालय लगेंगे

### सांसद पाटिल ने लोगों को आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा है कि यहां सप्ताह में दो-दो दिन एसडीएम और उप पंजीयक के कार्यालय संचालित होंगे। जिससे इस वृहद क्षेत्रफल के आदिवासी अंचल के लोगों को राजस्व और भूमि खरीदी-बिक्री के मामलों के लिए भटकना नहीं पडेगा।

सांसद पाटिल ने यह सौगात, शुक्रवार को बहुप्रतीक्षित नव निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन का लोकार्पण करते हुए दी है। उन्होंने कहा कि इस वृहद क्षेत्रफल के आदिवासी अंचल के लोगों को राजस्व और भूमि खरीदी-बिक्री के मामलों के लिए भटकना नहीं पडेगा। उन्होंने इस आशय के आवश्यक निर्देश, एसडीओ राजस्व भीकनगांव लोकेश छापरे, तहसीलदार खुमानसिंह चौहान और नायब तहसीलदार राजेश बरडे को दिए हैं। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम बड़ी में 100 सीट के बालक छत्रावास, ग्राम आभापुरी में 100 सीट के बालिका छात्रावास और झिरन्या बायपास से चिरीया मार्ग 1.5 किमी सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया। उन्होंनेआभापुरी कन्या आश्रम में पेयजल संकट के चलते दो हैंडपंप खनन कराने के निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी,धूलसिं डावर पूर्व विधायक,नंदा ब्राह्मणे जिला अध्यक्ष भाजपा खरगोन ने भी संबोधित किया। सांसद पाटिल ने भाजपा सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिसमें नल जल योजना, लाडली बहना, आयुष्मान योजना, स्वच्छता मिशन, किसान सम्मान निधि योजना आदि प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा देश प्रदेश में सड़कों के निर्माण से लोगों को आवागमन की काफी सुविधा मिली है। वहीं धरती आबा योजना में आदिवासी बहुल फलियों तक डामरीकृत सड़कों का निर्माण होगा। जिसमें इस वर्ष 36 सड़कों का निर्माण किया जावेगा। उन्होंने कहा कि जल निगम की योजना के पूर्ण होने पर जहां जल स्त्रोत नहीं है, वहां भी पानी पहुंचेगा।

## कलेक्टर, एसपी से प्रतिनिधि मंडल मिला

# बिजली कटौती व वाहन चेकिंग से व्यापारी परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के बैनर तले शहर के व्यापारियों ने शुक्रवार को कलेक्टर सिद्धार्थ जैन और एसपी शशांक को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें शहर की अव्यवस्थाओं में सुधार की मांग की गई है, जिनमें अनावश्यक पुलिस नाकेबंदी, अघोषित विद्युत कटौती और खराब ट्रैफिक व्यवस्था प्रमुख हैं।

कैट के जिलाध्यक्ष सरगम जैन ने बताया कि शहर के चारों ओर पुलिस द्वारा स्थायी नाकेबंदी कर बाहर से आने वाले किसानों, मजदूरों और आम जनता की सघन चेकिंग की जा रही है। हेलमेट और तीन सवारी जैसे नियमों के नाम पर बार-बार चालान बनाए जा रहे हैं, जिससे भय का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग डर के कारण हरदा बाजार में खरीदारी करने नहीं आ पा रहे हैं, और मजबूरी में अपनी जरूरत का सामान अधिक कीमत पर अन्य जगहों से खरीद रहे हैं। इस अनावश्यक और अत्यधिक चेकिंग का शहर के व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ज्ञापन में अघोषित विद्युत कटौती का मुद्दा भी उठाया गया। वर्तमान में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास है, ऐसे में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल द्वारा शहर में कभी भी कई-कई घंटे अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। घरों में कूलर और पंखे बंद होने से आमजन, बुजुर्ग, बच्चे और बीमार व्यक्ति अत्यधिक परेशान हैं। व्यापारिक प्रतिष्ठानों में भी काम ठप हो रहा है, जबकि कंपनी द्वारा पूरे साल मेंटेनेंस के नाम पर भी समय-समय पर कटौती की जाती है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी व्यापारियों ने गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह खराब है।

घंटाघर चौराहा, बस स्टैंड तिराहा, सब्जी मंडी रोड, मेन बाजार, नया बाजार क्षेत्र, चांडक चौराहा और पंजाब नेशनल बैंक के सामने जैसे स्थानों पर प्रतिदिन जाम लग जाता है। व्यापारियों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस केवल चालान बनाने के लिए नाकों पर खड़ी रहती है, जबकि जाम वाले प्वाइंटों पर ध्यान नहीं देती। व्यापारियों ने बताया कि इन समस्याओं के कारण शहर का व्यापार 40 प्रतिशत तक प्रभावित हुआ है। उन्होंने कलेक्टर और एसपी से अनुरोध किया है कि अनावश्यक नाकेबंदी समाप्त कर पुलिस को शहर के भीतर ट्रैफिक नियंत्रण में लगाया जाए। साथ ही, अघोषित विद्युत कटौती तत्काल बंद कराई जाए और विद्युत आपूर्ति बंद होने का शेड्यूल पूर्व में सूचित किया जाए। इसके अलावा, चिन्हित स्थानों पर स्थायी ट्रैफिक पुलिस बल तैनात करने की भी मांग की गई है।

## चिरिया व हेलापड़ावा में शिविर आज लगेगा वनभूमि-पट्टेधारी किसानों की होगी सुनवाई

**झिरन्या।** कलेक्टर भव्या मित्तल के निर्देश पर शनिवार को चिरिया और हेलापड़ावा में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विधायक झूमा सोलंकी सहित चार विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। शुक्रवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने भी आवश्क निर्देश दिए हैं। शिविर में वनभूमि-पट्टेधारी किसानों के फार्मर-आईडी नहीं होने से उन्हें खाद-बीज नहीं मिलने की समस्या हल की जावेगी। जिसमें वन विभाग, राजस्व, कृषि और सहकारी संस्थाओं के कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस मामले में विधायक सोलंकी ने गुरूवार को एसडीओ राजस्व लोकेश छापरे,तसीलदार खुमानसिंह चौहान और नायब तहसीलदार राजेश बरडे से भी चर्चा कर चुकी हैं।

## ड्राइवर युवक ने जहर खाकर दी जान

**हरदा।** टिमरनी थाना क्षेत्र की माधव कॉलोनी में गुरुवार को एक 36 वर्षीय युवक ने जहर का सेवन कर आत्महत्या कर ली। मृतक के शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया था, जिसका शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। अस्पताल चौकी पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान संदीप पिता गजराज सिंह राजपूत (36) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से टिमरनी थाना क्षेत्र के ग्राम सामरधा का निवासी था और माधव कॉलोनी में अपनी मां के साथ रहता था। संदीप ड्राइविंग का काम करता था। बताया गया है कि संदीप की पत्नी बच्चों के साथ पिछले डेढ़ महीने से खंडवा जिले के ग्राम गुराड़या स्थित अपने मायके में रह रही थी। इस दौरान संदीप और उसकी मां ही घर पर अकेले थे। गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे संदीप ने घर पर सल्फॉस का सेवन कर लिया। जहर के सेवन के बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजनों ने उसे तत्काल टिमरनी अस्पताल पहुंचाया। वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान शाम करीब 6 बजे संदीप की मौत हो गई। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. सुदर्शन चौहान ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा, हालांकि प्रथम दृष्टया यह जहर के सेवन से हुई मौत प्रतीत हो रही है।




# क्रॉप सर्वे एप की खामी से गिरदावरी अटकी किसान और पटवारी दोनों हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

प्रदेश में ग्रीष्मकालीन (जायद) फसल मूंग और उड़द के उपार्जन की तैयारियों के बीच शासन और विभाग की लापरवाही किसानों तथा पटवारियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गई है। कृषि विभाग द्वारा 21 मई से जायद फसल सर्वेक्षण प्रारंभ करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं, लेकिन विभागीय क्रॉप सर्वे (गिरदावरी) ऐप अपडेट नहीं होने के कारण जमीनी स्तर पर सर्वेक्षण कार्य शुरू ही नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार, मूंग और उड़द के उपार्जन पंजीयन के लिए फसल गिरदावरी अनिवार्य है। इसके लिए पटवारियों को शीघ्र सर्वेक्षण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसानों का पंजीयन प्रभावित न हो। लेकिन तकनीकी खामियों और ऐप के सुचारू रूप से संचालित नहीं होने के कारण सर्वेक्षण कार्य ठप पड़ा हुआ है। स्थिति यह है कि कई क्षेत्रों में किसानों ने मूंग और उड़द की फसल की कटाई




शुरू कर दी है। ऐसे में पटवारियों के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि जब तक ऐप चालू होगा, तब तक अनेक खेत खाली हो जाएंगे। ऐसे में गिरदावरी के दौरान खेतों में फसल का भौतिक सत्यापन नहीं हो पाएगा और भविष्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

पटवारियों का कहना है कि एक ओर शासन समय पर सर्वेक्षण पूरा करने का दबाव बना रहा है, वहीं दूसरी ओर आवश्यक तकनीकी व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इससे उन पर अनावश्यक मानसिक तनाव बढ़ रहा है। यदि समय रहते ऐप को सुचारू नहीं किया गया तो उपार्जन पंजीयन प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है, जिसका सीधा नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा। किसानों का कहना है कि उन्होंने शासन की योजना के अनुसार मूंग और उड़द की खेती की है, लेकिन फसल कटाई के समय गिरदावरी नहीं होने से उन्हें उपार्जन और अन्य शासकीय लाभों को लेकर चिंता सताने लगी है। किसानों ने मांग की है कि शासन तत्काल क्रॉप सर्वे ऐप की तकनीकी समस्याओं का समाधान कर गिरदावरी कार्य शुरू कराए। कृषि एवं राजस्व विभाग की इस तकनीकी लापरवाही के कारण वर्तमान में किसान और पटवारी दोनों असमंजस की स्थिति में हैं। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आगामी उपार्जन व्यवस्था और किसानों के पंजीयन पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है।

## भीषण जल संकट को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

# गलत रिपोर्ट देने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए: सरपंच ग्राम रामगढ़

**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत रामगढ़ में भीषण जल संकट को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। पंचायत के अंतर्गत आने वाले पांच गांवों में से एक गांव को छोडक़र बाकी चार गांवों माजरी टोल, पांगरी जंगल, कलापठा और महू बड़ला — में लगे हेडपंप और नलकूप पूरी तरह सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीण जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांवों में पानी की गंभीर समस्या को लेकर दो दिन पूर्व दर्जनों ग्रामीण भोपाल पहुंचे थे, जहां उन्होंने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन



सौंपकर नए नलकूप खनन की मांग की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पीएचई विभाग के एसडीओ अहिरवार द्वारा मौके पर गलत रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी गई। बताया जा रहा है कि जिस गांव में पानी उपलब्ध है, उसी की रिपोर्ट को आधार बनाकर पूरे क्षेत्र में पानी उपलब्ध होने की जानकारी दी गई, जबकि चार गांवों में हेडपंप सूखे पड़े हैं। इसको लेकर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों में भारी नाराजगी है। सरपंच प्रतिनिधि अशोक मीणा ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और झूठी रिपोर्ट के कारण गांवों में नए नलकूप खनन नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जल व्यवस्था नहीं की गई तो पीएचई विभाग और एसडीओ अहिरवार के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इधर, जब सूखे बोरों की सफाई के लिए मशीन गांव पहुंची तो ग्रामीण महिला-पुरुषों ने खाली बर्तन लेकर जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने मांग की कि ग्राम पंचायत रामगढ़ के प्रभावित गांवों में तत्काल नए नलकूप खनन कर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।